सार-समाचार

भामाशाह का सम्मान किया

लक्ष्मणगढ़ (निसं)। ब्लॉक के दिसनाऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को भामाशाह सम्मान समारोह एवं हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण हुआ। कार्यक्रम में भामाशाह निर्मल कुल्हरी पत्नी श्री ताराचंद कुल्हरी पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मणगढ़ द्वारा गर्मी के मौसम में आमजन के लिए 30 हजार रूपए कीमत के तीन जंबो कूलर भेंट संस्थान को किए थे। इसी तरह भामाशाह श्रीमती नारायणी देवी मांडिया पत्नी श्री अर्जुन राम जी मांडिया दिसनाऊ ने 40 हजार रूपए कीमत का आयरन बैड भर्ती रोगियों की सुविधा हेतु भेंट किया। इस पर लक्ष्मणगढ ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में श्रीमती निर्मल कुल्हरी के पुत्र श्री अंकुर कुल्हरी तथा श्रीमती नारायणी देवी के पुत्र श्री झाबरमल मांडिया सरपंच ग्राम पंचायत दिसनाऊ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत यहां पर नीम, जामून, खजूर के 40 पेड़ लगाए गए। इस मौके संस्थान प्रभारी डॉ मोनिका महरिया, सीनियर नर्सिंग आफिसर वीरेन्द्र जाखड़ ने भामाशाहों एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

नवनिर्मित गौआवास का लोकार्पण किया

झुंझुनूं, (निसं)। गौभक्त दानदाता स्व. सीतादेवी धर्मपत्नी स्व. मोहनलाल जी ढेढिया एवं स्व. मोहनलाल सुपुत्र स्व. उमाशंकर- मणि देवी ढेढिया झुंझुनूं निवासी इंदौर प्रवासी की स्मृति में उनके परिवार जन द्वारा नवनिर्मित गौआवास का उद्घाटन बुधवार को ढेढिया परिवार की ओर से पंडित दीनदयाल शुक्ला के आचार्यत्व में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके किया गया। साथ ही दो गिर गाय का गौदान भी दानदाता ढेडिया परिवार ने किया। इस अवसर पर दानदाता परिवार से किरण नरेंद्र ढेढिया, कुसुम सज्जन ढेढिया, नवीन सोनू ढेढिया, सुभाषचंद्र ढेढिया, प्रकाश ढेढिया एवं दूलीचंद मोदी उपस्थित थे। जिनका श्री गोपाल गोशाला की ओर से अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, रघुनाथप्रसाद पोद्दार, डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रमोद टीबड़ा, नरोत्तमलाल राणासरिया, कन्हैयालाल टीबड़ा एवं पवन पांडला ने माल्यार्पण के साथ दुपट्टा एवं साफा ओढ़ाकर गौमाता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान दानदाता परिवार के नरेंद्र ढेढिया की ओर से स्वीकृत गौशाला को व्हीलचेयर भी समर्पित की गई।

वृक्षारोपण किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दंतुजला में बुधवार को प्रधानाचार्य जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम व हरियालों राजस्थान अभियान के अन्तर्गत विद्यालय प्रांगण को हरा-भरा रखने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरेश कुमार कस्वां, कमला फैनिन, सुरेश पचार, राजेश बियाणी , विनोद रुहेला, संतरा सरावग, रघुवीर महरिया, कमला ढूकिया, कमला जाखड़, सुमित्रा चौधरी, ताराचन्द सुण्डा सहित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा नीम, पीपल, गुडहल, कढिपत्ता, बकान, शीशम तथा गुलाब के करीब 120 पौधे लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम में सहयोगी बने। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जयप्रकाश शर्मा ने अभियान के बारे में बताते हुए पर्यावरण को बचाने का आव्हान किया। उप प्राचार्य बनवारीलाल ढूकिया ने विद्यालय स्टॉफ के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अलग-2 पौधे की देखभाल, खाद पानी देने की जिम्मदारी सौंपी ।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत बुकलेट दी

बीदासर (निसं)। पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत ढढेरू भामुवान में आयोजित शिविर में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अन्तर्गत बेटियों को जागरूक करने व समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण लाने के लिए पांच छोटी छोटी बालिकाओं को उनके अभिभावकों के साथ बेबी किट कप व बुकलेट दी गई। ब्लॉक सुपरवाइजर ने साथिन कार्यों के साथ साथ विभागीय योजनाओं के बारे में चर्चा की। ग्राम पंचायत के प्रशासक सुरेश खेरिया ने छोटी बालिकाओं के प्रति सकारात्मक रवैया रखते हुए प्रोत्साहित किया। शिविर में उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव, विकास अधिकारी राजुराम सैनी, अतिरिक्त विकास अधिकारी हंसराज मीणा, ग्राम पंचायत के विडियों धर्मनाथ सिद्ध, साथिन ऊषा, लीगल कांउसलर पीएसएसके सुमन चैधरी व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रतिभाओं का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नयाबास धनूरी में विज्ञान संकाय स्वीकृत होने पर बुधवार को विज्ञान संकाय का शुभारंभ एवं बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा झुंझुनूं राजेश मील, अध्यक्ष सीबीईओ अलसीसर राजेंद्र खीचड़, अतिविशिष्ट अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान अशोक कुलहरि प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्मानित अतिथि जयसिंह मांठ ने शिक्षा के साथ संस्कार भी हासिल करने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं संस्था प्रधान अशोक कुलहरि द्वारा शिक्षा चेतना रैली को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक आरिफ मोहमद खान ने किया।

सड़क मार्ग के किनारों पर पौधारोपण किया

बीदासर (निसं)। कस्बे की ग्रीन ब्रिगेड दड़ीबा के तत्वावधान में बुधवार को दड़ीबा के भूतनाथ महादेव मंदिर के मुख्य मार्ग पर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रिगेड के अध्यक्ष पवन कुमार पारीक के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर ब्रिगेड के सदस्यों ने मुख्य सडक मार्ग के किनारों पर पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में भूतनाथ महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष संदीप सुथार, मुक्ति धाम दड़ीबा के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गर्ग, चम्पालाल नाराणिया, मनमोहन शर्मा, औम प्रकाश किरोड़ीवाल, सहीराम मारोठिया, गोपाल प्रजापत, हनुमान मल मारोठिया, चंद्र प्रकाश खुड़िया, गोपाल लोहिया, लाखन आदि ने भाग लिया।

श्रीराम कथा कल से

झुंझुनूं, (निसं)। समीपवर्ती इंडाली गांव के श्रीबूडला बालाजी मंदिर में 11 से 17 जुलाई तक भव्य श्री राम कथा का संगीतमय आयोजन संपन्न होगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक जयराम शर्मा ने बताया कि श्रीबूडला बालाजी मंदिर भक्त मंडल के द्वारा पवित्र श्रावण मास में आयोजित होने वाले सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में व्यासपीठ से दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी कथा का रसपान करवाएंगे। विजेंद्रसिंह लामोरिया कांट्रेक्टर खेमू की ढाणी के सौजन्य से आयोजित होने वाली कथा का समय दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक का रहेगा। कथा के दौरान सुमधुर कर्णप्रिय संगीत व सजीव झांकिया विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। आयोजन को लेकर श्रीबूडला बालाजी मंदिर भक्त मंडल के सदस्य तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करने में जुटे हुए हैं।

आर्य समाज ने वैदिक यज्ञ किया

झुंझुनूं, (निसं)। आर्य समाज ने गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया। आर्य समाज के प्रधान डीवी शास्त्री एवं मंत्री पवन कुमार के सानिध्य में आयोजित वैदिक यज्ञ वेदी पर कर्नल सुधींद्र कुमार अपनी धर्म पत्नी सुनयना के साथ वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं विश्व मंगल की कामना करते हुए औषधि युक्त सामग्री के साथ आहुति दी। इस अवसर पर प्रतापसिंह लाम्बा, सुशीला, लक्ष्मी चौधरी, मिनाक्षी, मदनलाल सैनी, अपूर्वा, सतवंत कौर, होशियार सिंह, सरोज लांबा, अमरसिंह चाहर, सुबेसिंह राव, सुमित्रा राव, रेशमा, संजय राव, मुक्ति लाम्बा, संतरा चाहर भी उपस्थित थे।

आज गुरू पूर्णिमा मनाई जाएगी

झुंझुनूं, (निसं)। चंचलनाथ टीले पर हर साल की तरह इस बार भी 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। टीले के संत विचारनाथ महाराज ने बताया कि टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा बडी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर शेखावाटी संभाग के ओमनाथ महाराज से गुरु मंत्र लिए शिष्य चूरू, सीकर, लक्ष्मणगढ फतेहपुर सहित गुरु पूजा में भाग लेंगे तथा सभी समाधियों को रंग-बिरंगे लाइट वह फूलों से सजाया जाएगा तथा विधि विधान से पूजा कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

11 सूत्री मांगों को लेकर महासंघ ने धरना-प्रदर्शन किया

चूरू (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर बुधवार को जिला मुख्यालय पर 11 सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि 11 सूत्री मांग सरकार के स्तर पर लम्बित है, लेकिन शासन व सरकार की ओर से महासंघ के मांगपत्र की लगातार उपेक्षा की जा रही है। चारण ने बताया कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों की सुरक्षा की महत्वपूर्ण योजना आर.जी.एच.एस में भी लगातार कटौतियां की जा रही है।

महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरडक ने बताया राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के वादाखिलाफी व संवाद हीनता के विरोध में तथा महासंघ के 11 सूत्री मांग पत्र को लागू करने के लिए प्रदेश नेतृत्व के आव्हान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिहाग ने बताया कि अनेक संवर्गों में वेतन विसंगतियां पैदा हो गई है जिनका निराकरण सरकार नहीं कर रही है।

ओम प्रकाश पूनिया ने कहा कि अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों और शिक्षकों के पदोन्नित अवसरों में बहुत अधिक विषमता है। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बीरबल धारीवाल ने बताया कि अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों और शिक्षकों की पदोन्नित अवसरों में बहुत अधिक विषमता है।

सरकार की निजीकरण की नीति के तहत अनेक विभागों में पद समाप्त किये जा रहे हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष इंद्राज पूनिया ने कहा कि किसान मजदूर और कर्मचारी सभी को अपने हक की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़नी पड़ेगी।

बैंकिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जयंत परिहार ने कहा कि सरकार कर्मचारियों का शोषण करने के उद्देश्य से काम के घंटे बढ़ाकर 12 घंटे करने पर विचार कर रही है। इस दौरान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिलाध्यक्ष मातूसिंह राठौड, जिलाध्यक्ष एएनएम बाला राठौड, प्रमोद शर्मा, महासंघ के जिला संरक्षक मदनलाल स्वामी, सहायक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष निवास माली, आयुर्वेद परिचारक संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश ईसराण, एम आर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ईष्वर सिंह चौहान, वन श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष बाबू खान, ओमप्रकाश पूनिया, रतन सिंह पूनिया, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम रतन सिहाग, शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश सभाध्यक्ष याकूब खान, महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदपाल मलिक, प्रदेश प्रतिनिधि ओम प्रकाश मुहाल, संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण सहित महासंघ से संबद्धता प्राप्त सभी घटक संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी अपस्थित थे। धरने का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां ने किया।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर 11 सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ

बगड़, (निसं)। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित श्रीदादूद्वारा में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को 25वें नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के साथ हुआ। यह शिविर महंत वैद्य स्वामी आत्माराम महाराज आयुर्वेदाचार्य एवं ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर आत्माराम स्वामी व्याकरण वेदांताचार्य की स्मृति में आयोजित किया गया। आयोजन महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। शिविर में पूर्व जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा, वैद्य संचिदानंद ओझा व वैद्य ओम चौमाल ने रोगियों का परीक्षण कर परामर्श व औषधियां प्रदान की। कुल 145 मरीजों ने शिविर से लाभ प्राप्त किया। श्रीदादूद्वारा के सर्वाधिकारी शिष्य रोहित स्वामी ने बताया कि बगड़ पालिका अध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड़, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष विक्रमसिंह शेखावत, पालिका उपाध्यक्ष शर्मा आदि मौजूद रहे।

झुंझुन में किसान मजदूर रैली निकाली

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा और सीटू के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शिक्षक भवन से रोडवेज बस डिपो से होते हुए जिला मुख्यालय तक विशाल रैली निकाली गई। रैली में अखिल भारतीय किसान सभा, लाल झंडा टैक्सी यूनियन, आरएमआरएसयू (सीटू) के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसके बाद जिला मुख्यालय पर पहुंच कर रैली विशाल जनसभा में बदल गई।

सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम जिला सचिव कॉमरेड राजेश बिजारणियां में कहा कि सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है। मजदूरों के कानूनों को बदलकर यह सरकार चार मजदूर संहिता लेकर आई है। जिससे मजदूर अब गुलाम बनकर रह गया है। मजदूर के काम करने के अधिकतम घंटों की सीमा को खत्म कर दिया गया है। मजदूरों के यूनियन बनाने के अधिकार को खत्म कर दिया है। अखिल भारतीय किसान सभा जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल महला ने बताया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर पूंजीपतियों की तिजोरियों को भरने का काम किया जा रहा है। आम उपभोक्ता के ऊपर नए मीटर के नाम पर सालाना दो हजार रूपए तक का भार डालकर 50 हजार करोड़ की लूट का मामला है। अखिल भारतीय किसान सभा किसी भी कीमत पर मीटर नहीं लगने देगी। लाल झंडा टैक्सी यूनियन (सीटू) अध्यक्ष इकराम ने कहा कि शहर में स्थाई टैक्सी स्टैंड बनाए गए।

शहर में स्थाई टैक्सी स्टैंड नहीं होने से टैक्सी चालकों के साथ साथ मुसाफिरों को भी परेशानी के साथ साथ दुर्घटना का सामना करना लडता है। राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन (सीटू) के पूर्व संभागीय महासचिव कामरेड गजराज कटेवा ने कहा कि मजदूर विरोधी चार लेबर कोड वापिस लेने की मांग उठाई और कहा कि 36 मजदूर कानूनों को खत्म कर लाए गए चार लेबर कोड वापिस लेने होंगे। आरएमआरएसयू एमआर यूनियन के सचिव रमेश झाझड़िया ने कहा कि सरकार को सभी मेडिसिन को जीएसटी फ्री करना चाहिए। किसान नेता कामरेड फूलचंद बर्बर ने कहा कि नरेगा में 200 दिन रोजगार और 600 मजदूरी दी जाए।

मीटिंग को किसान सभा जिला सचिव मदनसिंह यादव, सीपीआईएम जिला सचिव मंडल सदस्य सुमेर बुडानिया, मलसीसर तहसील सीपीएम सचिव महिपाल पूनियां, बिलाल कुरैशी, प्रभुराम नारनौलिया, सुरेंद्र लांबा, नगर परिषद झुंझुनूं पार्षद अजमत अली, पार्षद जुबेर, पार्षद राजकुमार डिग्रवाल, भारत की जनवादी नौजवान सभा जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर, जिला महासचिव योगेश कटारिया, पूर्व जिला महासचिव विजय यादव, किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव अरविंद गढ़वाल, देवकीनंदन बसेरा, रोहिताश्व महला, पवन कुल्हार, अशोक राव, ख्यालीराम, सीपीएम गुढ़ा तहसील सचिव शिवनाथ महला, एसएफआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अनीश धायल, एसएफआई जिलाध्यक्ष आशीष पचार, किसान नेता महिपाल भांबू, साहिल कंकडेऊ ने संबोधित किया।

शिक्षक छात्रों के सपनों की पहचान कर उन्हें राह दिखायें : राठौड़

चूरू (निसं)। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के निर्देशानुसार एवं डाइट चूरू के कार्य अनुभव प्रभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्रधानाचार्य गोविंद सिंह राठौड़ थे। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुये राठौड़ ने कहा कि शिक्षक यदि छात्रों के सपनों की सही पहचान कर उन्हें रास्ता दिखाएं, तो वह देश की नई पीढ़ी को सशक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत ने कहा कि वर्तमान समय में कैरियर मार्गदर्शन केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन का एक आवश्यक पड़ाव है।

शिक्षक ही इस दिशा में निर्णायक की भूमिका निभा सकते हैं। राज्य संदर्भ व्यक्ति प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को उभरते करियर क्षेत्र जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, स्पोर्ट्स साइंस, डिजाइनिंग, एंटरप्रेंयोरशिप आदि के बारे में जानकारी दी।

डाइट उपप्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल करियर विकल्पों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षक के भीतर मार्गदर्शक बनने की क्षमता का विकास भी करेगा। दक्ष प्रशिक्षक सचिन कुमार ने नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में व्यावसायिक शिक्षा तथा कैरियर गाइडेंस के प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉकों से चयनित 40 शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक और उभरते करियर विकल्पों की जानकारी देना और विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता एवं अभिरुचि की पहचान करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना है, जिससे वे छात्रों को बेहतर भविष्य चुनने में मार्गदर्शन दे सकें। इस अवसर पर डाइट प्रभाग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी शेखावत ने भी विचार व्यक्त किए।

डाइट में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन हेतु शिक्षकों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ।

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 1752 पौधे लगाये

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखावाड़ा शिविर आयोजित
- तीन ग्राम पंचायतों में 1163 लोग हुए लाभान्वित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत बुधवार को तीन ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में 1163 लोग लाभान्वित हुए जबकि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 1752 पौधे लगाए गए। उपखंड क्षेत्र के कुमास जाटान,डूडवा व राजास ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया गया । शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, नायब तहसीलदार बाबूलाल, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीये अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने बताया कि बुधवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 32 निस्तारण, एनएफएसए 1आवेदन का निस्तारण, 300 पशुओं के टीकाकरण, 366 ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर, 9 जलाशयों की साफ-सफाई, 595 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण, हरयालो राजस्थान अभियान के तहत 1752 पौधे लगाए, झुलते बिजली के तारों के 7 प्रकरण का निस्तारण, 53 मामले सीमा ज्ञान के निस्तारण, 13 प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना , पेंशन के 12 व 15मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े शिविरों की समुचित निगरानी एवं संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गया है।

तृतीय सोपान स्काउट शिविर आयोजित

पाटन (निसं)। नवोदय विद्यालय समिति और भारत स्काउट गाइड, जयपुर संभाग के तत्वावधान में तृतीय सोपान जाँच एवं प्रशिक्षण स्काउट शिविर का भव्य शुभारंभ 8 जुलाई को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, में हुआ। यह पांच दिवसीय शिविर, जो 12 जुलाई तक चलेगा, राजस्थान के आठ नवोदय विद्यालयों से आए 72 स्काउट्स के लिए एक प्रेरणादायक मंच प्रदान कर रहा है।

शिविर का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन, सेवा भावना और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों का विकास करना है, जो उन्हें न केवल तृतीय सोपान परीक्षा के लिए तैयार करेगा, बल्कि जीवन में एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करेगा।प्राचार्य सुनील कुमार धाकड ने शिविर के उद्घाटन समारोह में अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह स्काउट शिविर हमारे विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर है, जहाँ वे न केवल स्काउटिंग के तकनीकी कौशलों को सीखते हैं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को भी आत्मसात करते हैं। जेएनवी पाटन में हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है, और यह शिविर उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।हम चाहते हैं कि हमारे छात्र न केवल शैक्षिक रूप से उत्कृष्ट हों, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी सक्षम हों, और यह शिविर उन्हें वह आत्मविश्वास और कौशल प्रदान करता है।

उनके प्रेरक शब्दों ने प्रतिभागियों में जोश और उत्साह का संचार किया। शिविर में प्रतिभागी स्काउट्स को तृतीय सोपान के लिए आवश्यक विभिन्न गतिविधियों यथा कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार, झंडा परेड, पर्यावरण जागरूकता, अनुशासन और सहयोगात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।ये गतिविधियाँ अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महेश कुमार योगी,राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जैतपुरा, अजीतगढ़, अनिल कुलश्रेष्ठ, और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांक: 09/07/2025

आपति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री देवीलाल जाति जाट निवासी वार्ड नं.05 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने दानपत्र से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 299.95 वर्गगज में से 2295.43 वर्गफुट(पश्चिमी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री सुशील कुमार पुत्र श्री देवीलाल के नाम से साईज 299.95 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री सुशील कुमार ने जरिये दानपत्र दिनांक 18.06.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड में से 2295.43 वर्गफुट(पश्चिमी हिस्सा) श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री देवीलाल को दान कर दिया जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जायेगा।

रजनीश चौधरी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांक: 09/07/2025

आपति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सलोचना देवी पत्नी श्री देवीलाल जाति जाट निवासी वार्ड नं. 06 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने दानपत्र से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 299.95 वर्गगज में से 404.16 वर्गफुट(पूर्वी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री सुशील कुमार पुत्र श्री देवीलाल के नाम से साईज 299.95 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री सुशील कुमार ने जरिये दानपत्र दिनांक 23.04.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड में से 404.16 वर्गफुट(पूर्वी हिस्सा) श्रीमती सलोचना देवी पत्नी श्री देवीलाल को दान कर दिया जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जायेगा।

रजनीश चौधरी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मंडल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address-eonp.sdlp@yahoo.in Fax & Phone :- 01559-222039

क्रमांक : न.पा.रा./2025/2291-93 -: आपत्ति सूचना :- दिनांक : 7.7.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में संपर्क करे। समयावधि निकलने के पश्चात आपत्ति विचारानीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	पत्रावली	नाम आवेदक नामांतरण/तामिर स्वीकृति आपत्ति सूचना	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1.	811/17.06.25	मोहम्मद असरफ पुत्र अब्दुल गफुर, वार्ड नंबर 17, मौहल्ला दमामीयों की ढाणी, कस्बा राजगढ़ (चूरू)	95.22 वर्गमीटर	पट्टा नामांतरण आवासीय

(राकेश कुमार अरोड़ा)
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)

E-Mail Address -eonp.sdlp@yahoo.in, Phone :- 01559 - 222039

क्रमांक-न.पा.रा/2025-26/2304-2305 दिनांक-09.07.2025

आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृती आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति का इस संबध मे आपति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.स.	पत्रावली	नाम आवेदक	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
		नामान्तरण /तामिर स्वीकृती आपति सूचना		
1	815/ 15.06.2025	सांवरमल पुत्र मन्दरूप सिंह, वार्ड नम्बर 09, श्याम मंदिर के पास, कस्बा राजगढ (चूरू)	355.34 वर्गमीटर	पट्टा नामान्तरण आवासीय

(राकेश कुमार अरोडा)
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका राजगढ (चूरू)

कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, चूरू

क्रमांक-स्टोर/अनुपयोगी सामान/नीलामी/2025/3054
दिनांकः-07.07.2025

खुली नीलामी बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अनुपयोगी / अप्रचलित / नकारा घोषित शुद्धा सामानों जिनका कुल पुस्तक मूल्य रू. 554554/- मात्र हेतु बोली अमानत राशि रू. 11000/- मात्र नगद जमा करवा कर इच्छुक पंजिकृत बोलीदाता दिनांक 29/07/2025 समय दोपहर 12.15 बजे से पूर्व व्यक्तिश